हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 7 मई 2024

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

05 चॉक चौबंद व्यवस्था के बीच सुबह 7 बजे से होगा मतदान



06 अक्षय तृतीया : मिट्टी के गुड्डे-गुड़ियों का सजा बाजार



**खबर संक्षेप**

### जिला प्रशासन ने की आज मतदान की अपील



**मुड़पा-सरसीवां।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू सहित अन्य अधिकारियों ने वीडियो संदेश के माध्यम से सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सभी मतदाताओं से मंगलवार 7 मई को लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग कर वोटिंग करने की अपील की है। पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, एसडीएम आईएएस वासु जैन, स्वीप नोडल हरिशंकर चौहान, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल एवं तहसीलदार पूनम तिवारी ने अपने संदेश में उन्होंने सभी मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी मतदाता बिना किसी दबाव या लालच के भयमुक्त होकर एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाते हुए मंगलवार 7 मई को लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

### पेट्रोल डालकर आत्महत्या

**महासमुंद।** सरायपाली क्षेत्र के दमोदरहा एवं गिरसा जंगल के बीच एक 20 साल के युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्महत्या कर ली। सरायपाली पुलिस ने बताया कि नंदलाल पटेल (20) निवासी बानीगिरोला ने पेट्रोल डालकर आग लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए जांच विवेचना शुरू कर दी है।

## चुनाव : मतदान कराने केंद्रों में पहुंचा दल, 7 बजे से शुरू होगी वोटिंग

# जिले में 9 लाख से अधिक मतदाता आज लोस चुनाव के लिए मतदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार


लोकसभा निर्वाचन कार्य को सुचारू ढंग से संपन्न कराने सोमवार को जिले में बनाए गए मतदान सामग्री वितरण केन्द्र से मतदान दलों को मतदान सामग्री के साथ मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। जिले में मतदान तिथि मंगलवार 7 मई को मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक संपन्न होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में मतदान दलों को मतदान कार्य के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। जिला मुख्यालय स्थित नवीन मंडी परिसर में मतदान दलों ने निर्वाचन कार्य के लिए सामग्री ली एवं अपने-अपने निर्धारित मतदान केन्द्र के लिए निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराने रवाना हुए। जिस स्थान से मतदान सामग्री का वितरण किया गया है, उसी स्थान पर मतदान सामग्री की वापसी होगी।

जिसमें 4 लाख 53 हजार 335 पुरुष, 4 लाख 54 हजार 509 महिला, 9203 दिव्यांग तथा 15 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। जिसमें लोकसभा क्षेत्र क्र.03 जांजगीर-चांपा अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 बिलाईगढ़ में मतदान केंद्र संख्या 129, कुल मतदाता 1 लाख 3 हजार 126, पुरुष 51718, महिला 51407, दिव्यांग 926 एवं तृतीय लिंग 1, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 44 कसडोल में मतदान केंद्र 402, कुल मतदाता संख्या 3 लाख 66 हजार 447, पुरुष 1 लाख 83 हजार 515,महिला 1 लाख 82 हजार 960, दिव्यांग 3729 एवं तृतीय लिंग 2 शामिल है। इसी तरह लोकसभा क्षेत्र क्र.08 रायपुर अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 45 बलौदाबाजार में मतदान केंद्र संख्या 196, कुल मतदाता 1 लाख 81 हजार 425, पुरुष 90 हजार 258, महिला 91 हजार 167, दिव्यांग 1888 एवं तृतीय लिंग 00, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 भाटापारा में मतदान केंद्र संख्या 282, कुल मतदाता 2 लाख 56 हजार 831, पुरुष 1 लाख 27 हजार 844, महिला 1 लाख 28 हजार 975, दिव्यांग 2660 एवं तृतीय लिंग 12 मतदाता हैं।

**खास बातें**

- 6 हजार से अधिक कर्मचारी-अधिकारियों की मतदान कराने में लगी है ड्यूटी
- शांतिपूर्ण मतदान के लिए सीएपी, एसएसबी एवं एमपीएसएपी के 9 .5 कंपनियां सहित पुलिस के 1500 जवानों की तैनाती



### वेबकास्टिंग की सुविधा

निर्वाचन आयोग रखेगा सीधी नजर बलौदाबाजार भाटापारा जिले में मतदान दिवस पर मतदान केन्द्रों में मतदान गतिविधियों पर निगरानी करने के लिए 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग किया जाएगा, जिसमें बिलाईगढ़ 65, कसडोल में 201, बलौदाबाजार 98 एवं भाटापारा में 141 मतदान केंद्रों की सीधी वेबकास्टिंग की जाएगी। मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए स्काउट- गाईड, एनसीसी कैडेट का सहयोग लिया जाएगा।

### जिले में 99 अति संवेदनशील, 328 संवेदनशील मतदान केंद्र हैं शामिल

जिले के दोनों लोकसभा जांजगीर-चांपा क्षेत्र क्र. 3 एवं रायपुर क्षेत्र क्र. 8 सभा क्षेत्र के लिए कुल 1 हजार 9 मतदान केंद्र बनाएं गए हैं, जिसमें लोकसभा जांजगीर-चांपा क्षेत्र अंतर्गत बिलाईगढ़ विधानसभा में 129, कसडोल में 402 मतदान केन्द्र शामिल है। इसी तरह लोकसभा रायपुर क्षेत्र अंतर्गत बलौदाबाजार 196 एवं भाटापारा में 282 मतदान केंद्र शामिल हैं, जिसमें राजनीतिक रूप से 99 अति संवेदन शील, 328 संवेदन शील मतदान केंद्र है। 1009 मतदान केंद्रों के लिए 6 हजार से अधिक अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी पीठासीन, मतदान अधिकारी-1, 2 एवं 3, सेक्टर अधिकारी, जोनल अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर, नोडल अधिकारी के रूप में लगाई गई है। इसके साथ ही शांति पूर्ण मतदान कराने के उद्देश्य से सीएपी, एसएसबी एवं एमपीएसएपी के 9.5 कंपनियों के लगभग साढ़े नौ सौ जवान सहित पुलिस के 1500 जवानों तैनाती की गई है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के कुल 9 लाख 7 हजार 859 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे।

## अधिकारी चुनाव में व्यस्त, इधर रेत माफिया रुपया कमाने में मस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भवानीपुर



रेत माफियों ने मौके का फायदा उठाते हुए जब पूरा प्रशासनिक अमला चुनाव में व्यस्त हैं, तब खुले आम रेत चोरी कर लाखों रुपए का शासन को चुना लगा रहे हैं। पलारी ब्लाक के महानदी में मोहान बोदा गांव जहां पर माफियों द्वारा अवैध रेत खनन करने दो-दो चैन माउंटेन मशीन लगा रखी है और 24 घंटे सैकड़ों हाईवा लोड कर रहे हैं, जो बैगर पीट पास और रॉयल्टी का ही रेत निकाली जा रही है, जिससे एक ▸▸ शेष पेज 05 पर

- दो-दो चौन माउंटेन मशीन से मोहान घाट में 24 घंटे कर रहे अवैध खनन

**हो रहा अवैध खनन**

हमारे पंचायत द्वारा कोई आदेश नहीं किया गया है। 15-20 लोग वहां पर मनमानी कर अवैध खनन कर रहे हैं, जहां जाने से डर-भय बना है।
**-फिरत राम ध्रुव,** सरपंच, ग्राम पंचायत मोहान

## एपीएल अपोलो कंपनी प्रबंधक पर जान लेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

**हथबंद।** रिगनी में स्थापित अपोलो संयंत्र के कंपनी प्रबंधक संतोष राय पर धारदार हथियार से हमला करने की कोशिश की गई, जहां पर सुरक्षा कर्मी की सूझ बूझ बचाव से एक बड़ा हादसा होने से बच गयाए। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी रवि तिवारी पहले भी कई बार जेल जा चुका है। साथ कुछ दिन के लिए जिला बदर भी किया गया था। घटना की जानकारी देते हुए श्री राय ने बताया की जब कलेक्टर जिला बलौदाबाजार के आदेशानुसार मतदान केंद्र की व्यवस्था के लिए ग्राम केसदा गए हुए थे, वहीं मतदान केंद्र के समीप ही आरोपी का घर है, जहां पर श्री राय को देखते ही धारदार हथियार से हमला करना चाह, किंतु सुरक्षाकर्मी की तत्परता से बचाव किया गया, जिसमें श्री राय पर हमला होते होते बच गया। इससे पहले भी प्रबंधक श्री राय पर आरोपी द्वारा हमला किया जा चुका हैं। थाने में शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को तत्काल गिरफ्तार किया है।






# अजीबो-गरीब मामला, जिस युवक को पत्नी ने कमजोर बताया, वह निकला फिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में बड़ा ही अजीबो गरीब मामला सामने आया है। यहां शादी के दो दिन बाद महिला ने अपने पति पर शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर होने का हवाला देकर अपने मायके के थाना क्षेत्र और कोर्ट में विवाह विच्छेद के लिए आवेदन कर दिया और अब इस मामले में तब रोचक मोड़ आ गया जब उल्टे पति ने भी महिला के खिलाफ परिवाद दायर कर अपनी मेडिकल रिपोर्ट पेश कर दी। मेडिकल रिपोर्ट में युवक को पूरी तरह से फिट बताया गया है।

अलग खबर

पूरा मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। यहां रहने वाले युवक नवीन कुमार( परिवर्तित नाम) का विवाह बलौदाबाजार निवासी मोहिनी (परिवर्तित नाम) के साथ हुआ था। शादी के बाद मोहिनी ससुराल छोड़कर मायके चली गई। यहां पहुंचकर उसने अपने परिजनों को नवीन की मानसिक और शारीरिक स्थिति के बारे में बताया। इसके बाद उसके परिजनों ने इस मामले की शिकायत बलोदाबाजार थाने में करने के अलावा कोर्ट में तलाक के लिए अर्जी दाखिल की। इसके बाद नवीन और उनके परिवार वालो को थाने और कोर्ट से बुलावा आया तो वे भी आश्चरुचकित रह गए। नवीन ने पहले मोहिनी के पिछले जीवन के बारे में पतासाजी की। इसके बाद उसने भी मोहिनी और उसके परिजनों के खिलाफ कोर्ट में परिवाद दायर कर स्वयं का मेडिकल टेस्ट करवाने का आवेदन दिया। कोर्ट के आदेश के बाद उसका मेडिकल टेस्ट मनोरोग विशेषज्ञ और एमबीबीएस चिकित्सक से कराया गया। मेडिकल टेस्ट में उसे मानसिक और शारीरिक रूप से शारीरिक संबंध बनाने में सक्षम और दांपत्य जीवन निर्वहन के योग्य बताया गया है।

## पुलिस ने जांच कर प्रस्तुत की रिपोर्ट

### युवती ने पहले किया था प्रेम विवाह

नवीन ने जब मोहिनी के पिछले जीवन के बारे में पतासाजी शुरू की तो यह जानकारी सामने आई कि उसने दूसरी जाति के युवक के साथ प्रेम विवाह किया था। बाद में परिजनों के दबाव में उस शादी को तोड़ दिया और नवीन के साथ सामाजिक रीति रिवाज से विवाह किया। लेकिन मोहिनी और उसके परिवार वालो ने यह बात नवीन तथा उसके परिजनों को नही बताई।



### मेडिकल रिपोर्ट में फिट

युवक ने भी थाने में शिकायत की थी। उसने कोर्ट में परिवाद दायर कर अपना मानसिक और शारीरिक टेस्ट करवाया। इस टेस्ट में उसे क्वालिफाइड डॉक्टर द्वारा मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं फिट बताया गया है। *-दुर्गेश रावटे, टीआई,थाना टिकरापारा*

### पुलिस ने सभी के बयान किए पेश

टिकरापारा थाना पुलिस की ओर से संपूर्ण जांच के बाद कोर्ट में प्रस्तुत प्रतिवेदन में जानकारी दी गई है कि नवीन एवं मोहिनी के द्वारा प्रस्तुत कथन एवं दस्तावेजो के आधार पर बताया गया है कि नवीन शारीरिक एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं कमजोर नहीं है। डॉक्टर की जांच रिपोर्ट के आधार पर नवीन शारीरिक संबंध बनाने एवं दांपत्य जीवन निर्वाह करने हेतु सक्षम है, इसलिए मोहिनी द्वारा नवीन के विरुद्ध शारीरिक एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं कमजोर होने संबंधी लगाया गया आरोप मिथ्या है। मोहिनी एवं उनके परिवार वालों द्वारा मोहिनी के पूर्व में हुए विवाह व उसके विवाह विच्छेद की जानकारी नवीन और उसके परिवार वालों को दिया है कि नहीं इस संबंध में किसी प्रकार का प्रमाण नहीं है।

## खबर संक्षेप



### सिकाड़ा कीट के आवाज की गूंज जंगलों में

**मैनपुर।** इन दिनों गर्मी प्रारंभ होते ही मैनपुर क्षेत्र के घने जंगल रास्ते में कही भी जाओ एक सीटी की तरह आवाज गूंज रही है जिसे सिकाडा कीट कहा जाता है यह आवाज एक खास किस्म के कीड़ा का निकलता है। जिसका नाम सिकाडा है और यह साल के वृक्षो में ज्यादा पाया जाता है। मैनपुर क्षेत्र के घने जंगलो में गर्मी के इन दिनों में सिकाडा कीट की आवाज सुनाई दे रही है स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार हर वर्ष गर्मी के दिनों में अप्रैल, मई और जून में यह कीट जंगलो में अत्यधिक मात्र में पाया जाता है और यह कीट की आवाज सीटी की तरह निकलती है। 24 घंटा यह आवाज सुनाई देती है यह कीट झुंड में रहती है बहरहाल इन दिनों क्षेत्र के जंगल सिकाडा की आवाज से गूंज उठा है।

### लीलाराम के परिवार को ग्रामीणों ने किया सहयोग

**नवापारा-राजिम।** भेण्डरी के गरीब किसान परिवार के नौजवान बेटा लीलाराम के दुखद निधन पर ग्राम के सरपंच प्रीतराम देवांगन, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष कोमल सिन्हा सहित अनेको लोगों ने सहयोग करते हुए तत्काल उन्हें 10 हजार रुपए एवं दो कट्टा चावल देकर राहत प्रदान किया।

### राजधानी पहुंचे एनआरआई ने मतदाताओं को किया जागरूक

**रायपुर।** लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाताओं का जागरूक होना जरूरी है, तभी लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होंगी। इसी बात को ध्यान में रखते हुए दुर्ग निवासी एनआरआई लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने रविवार को मध्यप्रदेश के रास्ते रायपुर पहुंचे। यहां उन्होंने अपने हाथों में तख्ती लेकर लोगों को वोट डालने अपील की। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में जितने प्रतिशत वोटों की उम्मीद थी, अपेक्षानुरूप उससे कम मतदान हुआ। हालांकि छत्तीसगढ़ में मतदान का प्रतिशत 70 के करीब रहा है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए लोगों को अपने मताधिकार के उपयोग के लिए प्रेरित करने सात समुंदर पार दक्षिण अफ्रीका में रह रहे दुर्ग निवासी संतोष तिवारी घड़ी चौक तथा शहर के अन्य क्षेत्रों में पहुंचे, जहां वे लोगों से मतदान करने अपील करते रहे।

### स्टेशन के एसी वेटिंग हॉल में आग, मची भगदड़



**रायपुर।** रेलवे स्टेशन के एसी वेटिंग हॉल में रविवार रात 8.50 बजे शार्ट सर्किट से आग गई, जिसके बाद भगदड़ मच गई। वेटिंग हॉल में मौजूद 20 से अधिक यात्रियों ने भागकर जान बचाई। कुछ यात्री स्टेशन से सीधे बाहर निकले तो किसी ने प्लेटफार्म ही छोड़ दिया। सुरक्षा के लिहाज से प्लेटफार्म के सामने प्लेटफार्म नंबर 1 को कुछ समय के लिए खाली करा दिया गया। आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। एक महीने पहले ही प्लेटफार्म 7 पर मिल्क पार्लर में आग लगी थी। स्टेशन में आग लगने की यह दूसरी घटना है।

जानकारी के मुताबिक एसी के पास हुए शार्ट सर्किट से वेटिंग हॉल के अंदर आग लग गई। घटना के बाद यात्री अपने परिजनों व सामान के साथ चीखते हुए बाहर भागने लगे। कुछ ही देर में पूरे वेटिंग हॉल में धुआं भर गया। घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ पोस्ट प्रभारी एसके दत्ता मौके पर पहुंचे और तत्काल आग बुझाने में जुट गए।

*कोई क्षति नहीं : वातानुकूलित प्रतीक्षालय में लगे एसी में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। सभी यात्री सुरक्षित हैं, कोई भी क्षति नहीं हुई है। - एसके दत्ता, प्रभारी निरीक्षक*

## अमृत मिशन में 60 हजार घरों में लगाए जाएंगे मैनुअल वाटर मीटर

# खपत के आधार पर जल शुल्क का फार्मूला फिलहाल नहीं, पुरानी दर पर होगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर में खपत के आधार पर लोगों से जल शुल्क वसूली का फार्मूला अभी लागू नहीं होगा। करदाताओं से पुरानी दर पर ही नगर निगम प्रॉपर्टी टैक्स के साथ साल में एक बार 2400 रुपए की दर से जल शुल्क पूर्व की तरह वसूल करेगा। नए वाटर मीटर से पानी की खपत के आधार पर जल शुल्क वसूली योजना को लंबित रखा गया है। जबकि नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहरभर में अमृत मिशन और 24 घंटे जल आपूर्ति की योजना के तहत 2 अलग-अलग तरह के वाटर मीटर घर-घर लगाए जा रहे हैं।

हरिभूमि सरोकार

शहर में पानी की चोरी रोकने और पाइपलाइन लीकेज की समस्या दूर करने रायपुर नगर निगम और स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा अलग-अलग योजना में नई पाइपलाइन बिछाकर लोगों के घरों में पीने का साफ पानी पहुंचाने वाटर मीटर लगाए जा रहे हैं, ताकि अंतिम छोर तक पर्याप्त प्रेशर के साथ नलों के माध्यम से पीने का साफ पानी पहुंचाया जा सके। नगर निगम ने अमृत मिशन के तहत 60 हजार घरों में निशुल्क वाटर मीटर लगाने, पाइपलाइन बिछाने, इंटर कनेक्शन करने मुंबई की इंडियन ह्यूम पाइप कंपनी को ठेका दिया है, जिसमें वाटर मीटर में पानी की खपत से जल शुल्क लिया जाएगा। प्रोजेक्ट के नोडल अधिकारी अंशुल शर्मा ने बताया, अनुबंधित एजेंसी ने अब तक शहर के अलग-अलग वार्डों में 52 हजार मैनुअल वाटर मीटर लगाने का काम पूरा कर लिया है, बाकी के 8 हजार वाटर मीटर जून तक लगा दिए जाएंगे।

### स्मार्ट सिटी 24 घंटे वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट में 23 हजार घरों में लगा रहा स्वचालित स्ट्रेटिक वाटर मीटर

#### मैकेनिकल वाटर मीटर की रीडिंग

अमृत मिशन के तहत शहरभर में जो नए वाटर मीटर लगाए गए हैं, वे एक तरह से मैकेनिकल वाटर मीटर है, जिसमें डिब्बा खोलकर रीडर मीटर की रीडिंग की जाएगी, पर अभी तक इसके लिए पानी की खपत के हिसाब से शुल्क तय नहीं हुआ है। 60 हजार घरों में निगम के गिनती के कर्मचारी किस तरह पहुंचेंगे, ये भी एक बड़ा सवाल है। रीडिंग मासिक होगी, तिमाही या सालाना, यह भी तय नहीं ?



#### पहले के मीटर कबाड़, फ्लॉप रहा प्रोजेक्ट

नगर निगम ने 5 साल पहले बाहर की कंपनी को ठेका देकर शहर के अलग-अलग वार्डों के 25 हजार घरों में पानी की खपत जांचने वाटर मीटर लगवाए। इसके नाम पर ठेका कंपनी ने 1500 रुपए से लेकर 2500 रुपए शुल्क वसूली की। न तो उस मीटर की कभी रीडिंग हुई, न पानी की खपत नापने नगर निगम के कर्मचारी पहुंचे। अलबत्ता घरों में लगाए गए वाटर मीटर जंग लगने से खराब हो गए तो कहीं लोगों ने अनुपयोगी समझकर कबाड़ में बेच डाले। कुल मिलाकर वार्डों में खपाढ मीटर का कोई हिसाब-किताब नहीं है। जबकि 44 करोड़ का ये प्रोजेक्ट 25 हजार घरों में वाटर मीटर लगाने के लिए लाया गया था। टेंडर कर ठेका एजेंसी चुनी गई थी।

#### जल शुल्क अभी तय नहीं

नए वाटर मीटर से पानी की खपत के आधार पर जल शुल्क की वसूली संबंधी दर तय नहीं हुई है। इसके लिए एमआईसी में प्रस्ताव पारित कर सामान्य सभा में भेजा जाएगा। इसके लिए राज्य शासन से मंजूरी लेनी होगी, इसलिए अभी पुरानी दर पर ही जल शुल्क लिया जाएगा।

**- सतनाम पनाग,** अध्यक्ष, जल विभाग, ननि रायपुर

#### नई दर का अभी प्रस्ताव नहीं

शहर में अमृत मिशन और 24 घंटे वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट के तहत नए वाटर मीटर लगाए जा रहे हैं। अभी पुरानी दर पर ही लोगों से जल शुल्क की वसूली होगी। नई दर को लेकर फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है।

- अबिनाश मिश्रा, आयुक्त, ननि रायपुर

#### 15 वार्डों में ऑटोमेटिक वाटर मीटर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा स्मार्ट सिटी के एबीडी एरिया में 15 वार्डों के 23 हजार घरों में स्वचालित चिप सिस्टम वाले वाटर मीटर लगाए जा रहे हैं। यूरोपियन कंपनी जाइलेम से 23 हजार स्ट्रेटिक वाटर मीटर खरीदे जा रहे हैं। पहली खेप में 3 हजार वाटर मीटर और दूसरी खेप में 17 हजार आधुनिक स्वचालित वाटर मीटर आ गए हैं। इनमें से 2500 नए वाटर मीटर लगाने का काम पूरा हो गया है। सूत्रों के मुताबिक चिप सिस्टम वाले इस 1 वाटर मीटर की कीमत करीब 15 हजार रुपए है। इस चिप में लगे वाटर मीटर की रीडिंग आसान रहेगी। प्रोजेक्ट प्रभारी अधिकारी अमित मिश्रा का कहना है कि बाइक में सवार होकर मीटर रीडर शहर की जिस गली में डिवाइस लेकर जाएगा, उस एरिया में लगे वाटर मीटर की रीडिंग उस डिवाइस पर स्वचालित रूप से हो जाएगी, यानी रीडर को एक-एक घर में जाकर मीटर रीडिंग की जरूरत नहीं पड़ेगी। 15 वार्ड के 23 हजार घरों में इंटर कनेक्शन करने, डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन बिछाने और चिप सिस्टम वाले स्ट्रेटिक वाटर मीटर लगाने कोल्हापुर की एजेंसी को रायपुर स्मार्ट सिटी ने 130 करोड़ में ठेका दिया है। स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने गंज पानी टंकी और मोतीबाग नई पानी टंकी के कमांड एरिया वाले 15 वार्डों को 24 घंटे जल आपूर्ति प्रोजेक्ट के रूप लिया है।

## चाकू से गला रेतकर हत्या का प्रयास, 3 गिरफ्तार पुलिस ने निकाला जुलूस



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- पुरानी बस्ती क्षेत्र में पांच दिन पूर्व दिया था वारदात को अंजाम

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व युवक की हत्या करने की नीयत से गले तथा शरीर के अन्य हिस्सों में चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। बदमाशों ने जिस क्षेत्र में चाकू से जानलेवा हमला किया था, पुलिस ने उसी इलाके में बदमाशों का जुलूस निकाला। पुलिस के मुताबिक प्रिंस सिंह के ऊपर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में पुरानी बस्ती निवासी जगमोहन उर्फ जग्गू साहू, जितेंद्र साहू उर्फ जरहा तथा नम साहू उर्फ लाला को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार पांच दिन पूर्व 1 मई को तड़के साढ़े छह बजे भाठागांव, बीएसयूपी कालोनी निवासी प्रिंस जिम जा रहा था, इसी दौरान दंतेश्वरी मंदिर के पास तीनों बदमाश आपस में बात कर रहे थे। बदमाशों ने प्रिंस के मामा के साथ हुए पूर्व में हुए विवाद के चलते उसका रास्ता रोककर चाकू से गला रेत दिया। चाकू के हमले से बुरी तरह से आहत जैसे ही वह जमीन पर गिरा। बदमाशों ने उसकी लात-घूंसों से पिटाई करने के साथ शरीर के अन्य हिस्सों में चाकू से जानलेवा हमला कर अधमरा कर दिया और फरार हो गए।

### रक्तदान शिविर में 43 लोगों ने दिया ब्लड



**रायपुर।** रक्तदान जीवन दान से कम नहीं, इस उक्ति को छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा ने अपने कार्यशैली में उतारा है। सभा की युवा विंग ने रविवार को पंजाब केशरी भवन जोरा में थैलेसीमिया प्रभावित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें हर उम्र के प्रतिभागी शामिल हुए। युवा, महिलाओं और वरिष्ठजनों ने स्वस्फूर्त होकर रक्तदान कर अनुकरणीय कार्य किया। कोषाध्यक्ष नीरज सेठी ने 65वीं बार रक्तदान कर लोगों को अचंभित कर दिया, वहीं आशीष अहलूवालिया ने उत्साह के साथ 51वीं बार रक्तदान कर इस नेक काम में हाथ बंटाया।

## एनजीटी ने तालाब, नदी नहर पर कब्जों का हिसाब और कार्रवाई का मांगा ब्योरा




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- प्रदेश के सभी कलेक्टरों को जारी हुआ पत्र
- सात दिनों में देनी होगी जानकारी

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने राज्य सरकार से प्रदेश के सभी तालाबों, नदी, नहरों पर किए गए अतिक्रमण, अवैध कब्जों का ब्योरा मांगा है। इस मामले को लेकर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को पत्र जारी कर यह जानकारी उपलब्ध कराने कहा है। साथ ही ये भी पूछा गया है कि अगर कब्जे हैं तो उन्हें कब तक हटाया जाएगा।

बताया गया है कि एनजीटी की सेंट्रल जोन बेंच भोपाल ने इस संबंध में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल और संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास को पत्र जारी कर यह जानकारी देने कहा था। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगरीय क्षेत्रों में स्थित तालाबों, जलाशयों में अतिक्रमण तथा अतिक्रमण हटाए जाने संबंधी की गई कार्रवाई की जानकारी लेने के लिए एक प्रोफार्मा तैयार किया है। इसमें जिले तथा निकाय के नाम के साथ वॉटर बॉडी का नाम, तालाब, नदी, नहर, क्या है तथा उस पर अभी अतिक्रमण है या नहीं, इसकी जानकारी देने कहा है। इसी जानकारी में ये भी बताना है कि यदि अतिक्रमण किया गया है तो उसे अतिक्रमण मुक्त कब किया जाएगा।

#### देनी होगी ये जानकारी

ये जानकारी देनी है कि तालाब का नाम क्या है। राजस्व दस्तावेज में उसका रकबा और क्षेत्रफल कितना है। तालाब के अक्षांश-देशांश की जानकारी सहित बताना है कि वर्तमान में तालाब पर अतिक्रमण है या नहीं। यदि अतिक्रमण है तो हटाने के लिए क्या कार्रवाई की गई। कब कार्रवाई की गई। यदि कार्रवाई नहीं की गई तो ये बताना होगा कि कब तक कार्रवाई करके तालाब को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने निकायों से कहा है कि प्रोफार्मा के हिसाब से जानकारी देने के लिए राजस्व, भू- अभिलेख से सत्यापन के बाद सात दिनों के अंदर ये जानकारी भेजी जाए।

## राजधानी में जलसंकट दर्जनभर मोहल्लों में नलों की धार पतली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



शहर में पारा 44 डिग्री पहुंचते ही कई इलाकों में पानी की किल्लत शुरू हो गई है। वामनराव लाखे वार्ड के आधा दर्जन मोहल्लों में 4 दिनों से नलों की धार पतली होने से लोग पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। हनुमान नगर, चंद्रशेखर नगर, विनोबा भावे नगर, वाल्मीकि नगर और आदर्शनगर में पहली बार ऐसी स्थिति निर्मित हुई कि लोग पानी के लिए तरस गए। इन इलाकों में शाम के समय मात्र 10 मिनट के लिए हल्की धार के साथ पानी आया। वार्ड पार्षद मन्नू-विजेता यादव ने जोन-5 कमिश्नर से इसकी शिकायत की है। इसी तरह शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड टिकरापारा स्थित नूतन हाईस्कूल एरिया, सुदामा नगर बस्ती, यादव पारा में पानी की किल्लत से लोग परेशान रहे। एक तरफ जहां शहरवासी तेज धूप और गर्म हवाओं के थपेड़े से परेशान हैं, वहीं गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत ने उन्हें परेशान कर दिया है। नगर निगम जोन-5 के वामनराव लाखे वार्ड के हनुमान नगर, चंद्रशेखर नगर, विनोबा भावे नगर, वाल्मीकि नगर और आदर्शनगर में 4 दिनों से नलों में पानी आने से जलसंकट की स्थिति बनी हुई है।

## आचार संहिता में अटका गरीबों का 'आशियाना' अब लोकसभा चुनाव के बाद खुलेगी लॉटरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- दो महीने से खुद का आशियाना पाने आवेदक कर रहे इंतजार

नगर निगम सीमा क्षेत्र में रहने वाले गरीब व मध्यमवर्गीय ऐसे परिवार, जो सालों से शहर में किराए के मकान में बतौर किरायेदार अपना जीवन बिता रहे हैं। उन्हें अब खुद के नाम से सिर छिपाने का ठिकाना मिलेगा। किरायेदारों के लिए किफायती आवास योजना में 2 हजार आवेदकों के फ्लैट के आवंटन की लॉटरी गांधी सदन में चुनाव के बाद निकाली जाएगी। इन आवेदकों ने रायपुरा, कचना, दलदल सिवनी, मठपुरैना, सोनडोंगरी और कोटा में निर्मित ईडब्ल्यूएस फ्लैट के लिए ऑनलाइन आवेदन किए थे। पात्र होने के बाद प्रथम किस्त के रूप में 35 हजार रुपए उन्होंने जमा करा दिए हैं।

किरायेदारों के लिए किफायती आवास योजना अंतर्गत शहर के 6 अलग-अलग निर्मित 2 हजार आवासों के आवंटन के लिए लॉटरी लोकसभा चुनाव के बाद निकाली जाएगी। पिछले 2 माह से इंतजार कर रहे हजारों आवेदकों को प्रक्रिया पूरी होने के बाद किरायेदारी से मुक्ति मिलेगी और मकान मालिक बनने का मौका मिलेगा। नगर निगम रायपुर की योजना शाखा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक में किरायेदारों के लिए किफायती आवास स्कीम के तहत राजधानी के रायपुर, कचना, दलदल सिवनी, मठपुरैना, सोनडोंगरी और कोटा में निर्मित ईडब्ल्यूएस आवास के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए थे, जिसमें दस्तावेजों की जांच के बाद पात्र हितग्राहियों का चयन कर प्रथम किस्त के रूप में उनसे 35 हजार रुपए जमा कराए थे। बाकी राशि हितग्राही को बैंक फाइनेंस के माध्यम से या कैश जमा कराने का विकल्प दिया गया।

#### चुनाव के बाद निकालेंगे लॉटरी

किरायेदारों के लिए किफायती आवास योजना के तहत 2 हजार ईडब्ल्यूएस के रिक्त फ्लैट आवंटन की लॉटरी चुनाव के बाद निकाली जाएगी। 6 लोकेशन पर आवेदकों से मिले ऑनलाइन आवेदनों की पड़ताल के बाद पात्र हितग्राहियों का चयन किया गया है।

**- राजेश शर्मा,** नोडल अधिकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना, एएचपी घटक

## हल्ला मचते ही एसीएस ने ली सुध, समस्या से निपटने रीएजेंट की इंटर कॉलेज ट्रांसफर व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



जांच नहीं होने से निराश आंबेडकर अस्पताल से मरीजों के लौटने के मामले में विभागीय अफसरों ने ध्यान दिया है। री-एजेंट की दिक्कत तत्काल दूर करने के लिए इंटर कॉलेज ट्रांसफर की व्यवस्था बनाने कहा गया है। विभाग के अपर मुख्य सचिव ने इस मामले में मेडिकल कॉलेज, आंबेडकर अस्पताल तथा डीके अस्पताल के डॉक्टरों की बैठक ली। आंबेडकर अस्पताल में काफी समय से री-एजेंट की दिक्कत है। इसकी वजह से आने वाले मरीजों को सामान्य तरीके की सीबीसी, आरएफटी-एलएफटी टेस्ट की सुविधा नहीं मिल पा रही है। इलाज जरूरी होने पर मरीजों को निजी लैब में जाकर टेस्ट कराना पड़ रहा है। मामले का हल्ला मचने के बाद रविवार को विभागीय स्तर पर समस्या दूर करने समन्वय बनाने का प्रयास किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की एसीएस मनोज पिंगुआ ने उपचार को अति आवश्यक सेवा बताते हुए री-एजेंट की कमी दूर करने के निर्देश दिए हैं। तत्काल राहत के लिए अंतर चिकित्सा महाविद्यालयीन स्थानांतरण व्यवस्था अपनाते हुए दूसरे कॉलेज से री-एजेंट एवं कंज्यूमेबल की व्यवस्था करने कहा गया है। इसके लिए अन्य शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों से री-एजेंट की जानकारी लेने निर्देश दिए गए हैं। बैठक में उनके साथ विशेष सचिव स्वास्थ्य चंदन कुमार, संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ऋतुराज रघुवंशी, चिकित्सा महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नागरिया एवं सीजीएमएससी की एमडी पद्मिनी भोई साहू, डीके अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक शिप्रा शर्मा सहित अन्य चिकित्सक मौजूद थे।

#### सीजीएमएससी को हिदायत

बैठक के दौरान सीजीएमएससी के अफसरों को हिदायत दी गई है कि मेडिकल कॉलेजों से आने वाले इंडेक्स के आधार पर जरूरी सामान की आपूर्ति के लिए तेजी से प्रक्रिया पूरी की जाए। अभी आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम को ध्यान में रखते हुए सीजीएमएससी के साथ समन्वय स्थापित कर अतिशीघ्र व्यवस्था बनाई जाए।

## कागजों में सिमटा रेलवे का फाटक जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- एक्ट में पांच साल की सजा, लेकिन कार्रवाई करने नहीं बना सिस्टम

रेलवे क्रॉसिंग पर दुर्घटनाओं को रोकने व फाटक पार करते समय सावधानियां बरतने के लिए इन दिनों अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस मनाया जा रहा है, लेकिन हकीकत में फाटक बंद होने के बावजूद लोग अपनी जान जोखिम में डालकर दोपहिया वाहन फाटक से पार कराते दिखते हैं। ऐसे लोगों को न अपनी जान की परवाह है, न ही रेलवे की कार्रवाई और एक्ट के तहत सजा का डर। हरिभूमि ने जब इसकी पड़ताल की तो पता चला, मंडल व जोन द्वारा फाटक जागरूकता दिवस मनाने हर साल हजारों रुपए पोस्टर व बैनर पर खर्च किए जाते हैं, लेकिन नियम तोड़ने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। रेलवे अभी तक सिस्टम ही नहीं बना पाया है, जबकि लेवल क्रॉसिंग गेट को बंद और खोलते समय बूम क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में रेल अधिनियम की धारा 154 के तहत एवं बंद गेट को क्षतिग्रस्त करने की स्थिति में रेल अधिनियम की धारा 160 के तहत कार्रवाई का प्रावधान है। एक्ट में पांच साल तक की सजा भी हो सकती है।

**खबर संक्षेप**

## शराब बेच रहे दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सिंघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कवरपाली में शराब की अवैध बिक्री के दो मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपी सुरेंद्र कुमार बरिहा पिता कीर्तिलाल (43) के पास से 15000 एमएल महुआ शराब कीमत 4500 रुपए तथा आरोपी महेश बरिहा पिता हरिहर (34) के कब्जे से 15000 एमएल महुआ शराब कीमत 4500 रुपए को जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## संस्था, पाठ्यक्रम व सत्र परिवर्तन की 10 तक मांगी गई जानकारी

**महासमुंद।** शिक्षा सत्र 2023-24 अंतर्गत महाविद्यालय स्तर पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए संस्था परिवर्तन, पाठ्यक्रम परिवर्तन, पाठ्यक्रम सत्र परिवर्तन एवं तीनों परिवर्तन संबंधित विद्यार्थियों की जानकारी संबंधित संस्थाओं से मंगाई गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने उक्त जानकारी निर्धारित प्रपत्र में हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में 10 मई 2024 दोपहर 03 बजे तक सहायक आयुक्त आदिवासी विकास महासमुंद में उपलब्ध कराने कहा है। उक्त तिथि तक जानकारी जमा नहीं होने की स्थिति में योजना का लाभ से विद्यार्थी द्वारा वंचित होने की स्थिति में संस्था प्रमुख/विद्यार्थी स्वयं जवाबदार होंगे।

## एक दिवसीय रामचरितमानस सम्मेलन आज

**कोमाखान।** ग्राम सिवनीकला में तुलसी के संदेश मानस परिवार व ग्रामीणों के सहयोग से 7 मई को रामचरितमानस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम संध्या 4 बजे से रात्रि 11 बजे तक होगा। सम्मेलन में पांच मानस मंडलियां मंचासीन होंगे। ग्राम पंचायत सिवनीकला सरपंच प्रतिनिधि भुनेश्वर साहू, उपसरपंच टिकेश्वर साहू, गांव के मुखिया मान सिंह साहू, ग्राम समिति सचिव हुमेश्वर ध्रुव, डाकेश्वर निषाद, बालेश्वर यादव, दयालाल साहू, घनश्याम साहू, श्रीराम साहू, पवन ठाकुर, विजय ध्रुव, अनुक्रम निषाद, घनश्याम साहू, सोनसिंह ध्रुव, नैनसिंह ध्रुव समेत ग्रामीणजन कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं।

## संत शिरोमणी सेन महाराज की मनी जयंती

**भानपुरी।** जिला सेन समाज के तत्वाधान में सरस्वती शिशु मंदिर सोनारपाल के प्रांगण में आज कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सेन महाराज के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं हवन, आरती किया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण कर शिशु मंदिर माटीदेव से सोनारपाल के मुख्य मार्गों से होते हुए तपती गर्मी में कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद समाज के प्रबुद्ध गणों को शॉल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों के उद्बोधन एवं संगोष्ठी का आयोजन कर बालिकाओं की शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण के विषय पर चर्चा की गई। इस अवसर पर छग प्रांत के सर्व सेन समाज के कोषाध्यक्ष एवं महामंत्री ने सेन महाराज के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## संस्था, पाठ्यक्रम व सत्र परिवर्तन की 10 तक मांगी गई जानकारी

**महासमुंद।** शिक्षा सत्र 2023-24 अंतर्गत महाविद्यालय स्तर पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए संस्था परिवर्तन, पाठ्यक्रम परिवर्तन, पाठ्यक्रम सत्र परिवर्तन एवं तीनों परिवर्तन संबंधित विद्यार्थियों की जानकारी संबंधित संस्थाओं से मंगाई गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने उक्त जानकारी निर्धारित प्रपत्र में हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में 10 मई 2024 दोपहर 03 बजे तक सहायक आयुक्त आदिवासी विकास महासमुंद में उपलब्ध कराने कहा है। उक्त तिथि तक जानकारी जमा नहीं होने की स्थिति में योजना का लाभ से विद्यार्थी द्वारा वंचित होने की स्थिति में संस्था प्रमुख/विद्यार्थी स्वयं जवाबदार होंगे।

### लोकसभा चुनाव : बिलाईगढ़-सारंगढ़ जिले में 651 मतदान केन्द्रों में पहुंचा चुनाव दल

# चॉक चौबंद व्यवस्था के बीच सुबह 7 बजे से होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव





लोकसभा क्षेत्र रायगढ़ के जनरल आब्जर्वर आईएएस डॉ अंशज सिंह, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश साहू, सहायक निर्वाचन अधिकारी द्वय वासु जैन, डॉ. स्निग्धा तिवारी, डॉ. वर्षा बंसल, अनिकेत साहू, नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान की उपस्थिति में सोमवार को सुबह से मतदान सामग्री वितरण कर मतदान दलों को 7 मई के मतदान के लिए रवाना किया गया। जिले में कुल 651 मतदान केन्द्र, पुरुष मतदाता 257268, महिला मतदाता 261031, अन्य 9, सभी को मिलाकर कुल 518308 मतदाता हैं।

इस दौरान मतदान दलों द्वारा काउंटर से मतदान सामग्री प्राप्त करना, सेक्टर अधिकारियों द्वारा चेकलिस्ट के अनुरूप मतदान सामग्री की जांच और दलों की रवानगी की प्रक्रिया संपंन हुई। संगवारी, सक्षम और युवा मतदान केंद्रों के मतदान दलों को सुबह 9 बजे सामग्री वितरण किया गया। वहीं शेष सभी मतदान दलों को सुबह 5.30 बजे से मतदान सामग्री का वितरण किया गया। गौरतलब है कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 9 काउंटर बनाया गया है, जिसमें 8 सामान्य तथा 01 संगवारी एवं दिव्यांग मतदान दलों के लिए हैं। प्रत्येक काउंटर पर पांच कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है, ये कर्मचारी उस काउंटर के लिए आबंटित मतदान केन्द्र हेतु सामग्रियों का वितरण कर रहे हैं एवं मतदान के उपरांत उन्हीं के द्वारा वापसी भी लिया जायेगा।

सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-17 जिसमें 267077 मतदाताओं द्वारा मतदान किया जाएगा, जिसमें पुरुष 131934 है, तो महिला मतदाता 135139 वहीं तृतीय लिंग के 4 मतदाता हैं, जो रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान करेंगे, वहीं जांजगीर लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा में 203631 मतदाताओं की संख्या है, जिसमें पुरुष मतदाता 101484 वहीं महिला मतदाता 102145, तृतीय लिंग 2 मतदाताओं के द्वारा मतदान किया जाएगा। जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के दोनों विधानसभा में दस– दस संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान केंद्र में एक पीठासिन अधिकारी, तीन मतदान अधिकारी, सुरक्षा दल, ग्राम कोटवार उपस्थित रहेंगे। सारंगढ़ विधानसभा में 345 मतदान केंद्र, वही बिलाईगढ़ विधानसभा में 247 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

जिले में रायगढ़ विधानसभा अंतर्गत 59 मतदान केन्द्र हैं, जिसमें जिले के 23 हजार 850 पुरुष और 23 हजार 747 महिला तथा 3 अन्य मतदाता वोट देंगे। इस्प्रकार जिले में रायगढ़ विधानसभा अंतर्गत कुल 47 हजार 600 मतदाता हैं।

### मतदान के लिए प्रेरणा स्रोत हैं 120 वर्षीय डालमो और दिव्यांगजन

भटगांव। जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने वाले प्रेरणादायक शख्सियत की सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में कमी नहीं है। बरमकेला विकासखंड के ग्राम तरेकेला में पारिवारिक सदस्यों के अनुसार लगभग 120 आयु की बुजुर्ग महिला डालमो महार ने डाक मत से अपना मतदान किया। वर्तमान में वे चल फिरकर आना जाना कर लेती हैं। चेहरे और शरीर पूरी तरह से शिथिल और झुरियों आ गई हैं। यह बुजुर्ग अपने पांचवें पीढ़ी के साथ अपने जीवन को जी रही हैं। इसी प्रकार तरेकेला गांव के 30 वर्षीय दिव्यांग जप्ति चौहान ने भी डाकमत से अपनी दिव्यांगता को भूलकर खुशी से डाकमत के माध्यम से मतदान की। इसी प्रकार जिले के कई ऐसे दिव्यांग और बुजुर्ग है, जो सामान्य नागरिकों के लिए मतदान करने जाने के प्रेरणा स्त्रोत हैं।



### संगवारी मतदान केंद्र गोपालपुर की महिला अधिकारी निर्वाचन कराने उत्साहित

**भटगांव।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत छत्तीसगढ़ में 7 मई को तीसरे एवं अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने जा रहा है। इसी कड़ी में सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के मतदान अधिकारियों में गजब का उत्साह दिखाई दे रहा है। इस भीषण गर्मी के दरम्यान भी दोपहर को निर्वाचन सामग्री के साथ अपने–अपने मतदान केंद्र की ओर रवाना होते हुए बहुत सी महिलाएं जिन्हें पहली बार निर्वाचन में मतदान अधिकारी एवं अन्य नये दायित्व सौंपे गये हैं। वे आत्मविश्वास के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए तैयार हैं। इसी कड़ी में बिलाईगढ़ के गोपालपुर के मतदान अधिकारी नम्रता आदित्य ने आत्मविश्वास के साथ निर्वाचन कार्यों के दायित्वों का निर्वहन करने की बात कही। इनके साथी, जो पहली बार मतदान अधिकारी का दायित्व निभा रही प्रतिभा नारंग ने कहा कि वे अपने दायित्वों को लेकर बहुत उत्साहित हैं। इसी क्रम में संगवारी मतदान केन्द्र में पहली बार कार्य कर रही कल्पना देवांगन में निर्वाचन संबंधी कार्यों को लेकर उत्साह दिखाई दिया। इसके पश्चात पीठासीन अधिकारी सुनीता चतुर्वेदी ने भयमुक्त होकर सभी मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

### भागवत कथा में कपिल अवतार, सति व ध्रुव चरित्र का वर्णन...



**मोहान।** ग्राम पंचायत मोहन में इन दिनों भागवत कथा जारी है। कथा के तीसरे दिन कथावाचक पं. रूपेश महाराज ने कपिल अवतार, सति चरित्र, ध्रुव चरित्र, माता सति का वर्णन करते हुए कहा कि माता सति भगवान के मान सम्मान के लिए अग्नि कुंड में कुद गई। कर्म के कारण मृत्यु होती है तो हमसे भाग्यशाली कौन है। कथा में बाल्यकाल का वर्णन किया गया, जो एक छोटे से बालक के स्वरूप में भगवान का दर्जा दिया जाता है।

# वोटिंग से पहले मटन-मछली मार्केट हटाने प्रशासन का ध्यान आकर्षित करा रहे मतदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

शासन प्रशासन चाहता है कि शत प्रतिशत मतदान होना चाहिए, इसके लिए प्रयासरत है, किंतु अपेक्षित विकास और सहयोग नहीं मिलने के कारण कई बार कुछ लोगों को मतदान बहिष्कार करने का निर्णय लेना पड़ता है। इसी कड़ी में कसडोल निवासी राम किशन साहू ने अपने परिवार, दुकान के कर्मचारियों और पड़ोसियों सहित लगभग तीस से चालीस लोग मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय लेकर शोसल मीडिया में अपनी पीड़ा को प्रदर्शित कर चुके हैं।

राम किशन साहू ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि बाजार चौक, सब्जी मार्केट में मुर्गा मटन, मांस मछली का व्यवसाय खुले रूप से चल रहा है, जिसे अन्यत्र हटाने के लिए स्वयं एवं कसडोल के आम लोगों द्वारा शासन प्रशासन को अनेक बार अवगत कराते हुए मांग किए हैं फिर भी इसे आज तक अन्यत्र नहीं हटाया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त मटन-मछली का व्यवसाय उनके कपड़ा दुकान के सामने



आम रास्ता सब्जी बाजार के बीचों बीच है, जिसके वजह से मछली-मुर्गा खरीदने वाले कुछ लोगों द्वारा अश्लील गाली गलौज करते रहते हैं, जो मछली बाजार कहावत को चरितार्थ करते हैं। इस कारण घर परिवार के अलावा दुकान में आने वाले ग्राहकों को भी अश्लील गाली गलौज सुनकर लज्जित होना पड़ता है। हम लोगों को भी सिर नीचा करना पड़ता है।

ज्ञात हो कि राम किशन साहू के पिता स्व. घना राम साहू लंबे अरसे तक ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे हैं तथा उनका परिवार हमेशा से कांग्रेस समर्थित है। साथ ही वह कपड़ा व्यापारी संघ का अध्यक्ष है।

उल्लेखनीय है कि विगत पांच वर्षों से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रही है। वहीं नगर पंचायत कसडोल में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष भी है। साथ ही विधायक भी कांग्रेस के रहे हैं और आज भी कांग्रेस के ही विधायक है, जिन्हें उक्त कपड़ा व्यापारी द्वारा आवेदन एवं निवेदन किया जा चुका है, फिर भी मांस-मछली की कटिन एवं बिक्री बंद नहीं होने के कारण निराश हो करके मतदान बहिष्कार का निर्णय लिया है। इसे शोसल मीडिया में दो दिनों से डाल रहे हैं इसके बावजूद भी आज तक मटन मछली मार्केट को नहीं हटाया गया है, जो नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है और नगर वासियों की सहानुभूति कपड़ा व्यापारी के साथ है।

# जिले में बाल विवाह रोकथाम के लिए चलाया जा रहा जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला पंचायत सीईओ एस आलोक के निर्देशन व महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी तथा जिला पंचायत सहायक परियोजना अधिकारी के मार्गदर्शन में एनआरएलएम के महिला समूह द्वारा पूरे जिले में बाल विवाह रोकथाम के लिए रंगोली, शपथ ग्रहण, नारा लेखन के माध्यम से जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला स्वसहायता समूह के सक्रिय कार्यकर्ताओं द्वारा गांव-गांव में किशोरियों के साथ बैठक कर बाल विवाह की जानकारी देते हुए स्वयं एवं समाज में बाल विवाह पूर्णतः बंद करने के शपथ ले रहे है। साथ ही रंगोली व नारा लेखन के माध्यम से भी गांव के लोगों को समाज में व्याप्त बुराई को मिटाने एवं विवाह की उम्र हो जाने पर ही विवाह करने के लिए लोगों को जागरूक कर रहे है। यह अभियान निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक बदलाव लाएगा। छत्तीसगढ़ को बाल विवाह मुक्त प्रदेश बनाने में आगे बढ़ाएगा। कानूनी रूप से विवाह करने की उम्र अभी लड़कियों की 18 वर्ष एवम लड़कों को 21 वर्ष तय है, जिसका सभी को अनुपालन करना है। निर्धारित उम्र में या उसके बाद ही विवाह करने के लिए शासन प्रशासन लगातार प्रयासरत है।

## श्रीमद भागवत कथा में सुनाया कृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खरोरा में स्व. मनीष कन्नौजे की स्मृति में भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के छठवें दिन कथावाचक पंडित कुलभूषण तिवारी ने श्रद्धालुओं को कृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुनाया। कथावाचक ने कहा कि गोपियों ने भगवान कृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान कृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासनारहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया।



माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां कृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर आयोजक मंडली की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में कृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। भागवत महापुराण कथा आयोजन में गोकुल सोनकुमारी कन्नौजे, राजेश्वरी कन्नौजे, जय विजय कन्नौजे, फणीश्वर कन्नौजे, आरती कन्नौजे, क्रांति कन्नौजे, शीला कन्नौजे, कमलेश कन्नौजे, कलिंद्री कन्नौजे, लक्ष्मी कन्नौजे, शकुन कन्नौजे, तुषार कन्नौजे, विधान कन्नौजे, रामेश्वरी पोषण कनौज, हेमलता कन्नौजे, हरिशंकर कन्नौजे सभी लोगों ने जुटे हुए हैं।

**पेज 3 का शेष**

### अधिकारी चुनाव में ...

दिन में शासन का करीब 5 लाख से ज्यादा का राजस्व चोरी कर रहे हैं।

**एक हाईवा लोडिंग में 5000 रुपए लिए जा रहे:** वहीं एक हाईवा लोडिंग का 5000 हजार रुपए माफियों द्वारा खुलेआम लिया जा रहा है। वहीं पूरा धंधा नगद का चल रहा है, क्योंकि उन्हें भी इस बात का भय है कि उनका ये कारोबार ज्यादा दिन नहीं चल पाएगा, ऐसे में उधारी कर फंसने से अच्छा की नगद पैसा ले कर रेत बेच रहे हैं।

**15-20 गुर्गे रख दादागिरी से चला रहा घाट:** वहीं रेत माफियों द्वारा रेत घाट को चलाने के 15-20 गुर्गे रखे हैं जो नदी से लेकर रोड तक लोगों की निगरानी कर रहे हैं कोई भी अनजान व्यक्ति या मीडिया या अधिकारी की आने जाने पर नजर रखे हुए है, ताकि उनके काम में कोई व्यवधान न हो और वे जब तक अधिकारी कर्मचारी व्ययस्थ तक तक रेत घाट से रेत निकाल ले और पैसा कमा ले।

**गांव के कुछ लोगों को मिला रखे हैं माफिया:** वहीं अवैध रूप से घाट चलाने वाले माफियों को स्थानीय कुछ लोगों का सरंक्षण है, जो गांव वालों को उनके खिलाफ जाने से रोकने का काम कर रहे हैं। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि एक दो दलाल सक्रिय है, जो अपनी मर्जी से रेत घाट बेचा है, जो खुद को शासन से बड़ा मान लिया है कुछ बोलने पर दुश्मनी रखता है।

इस संदर्भ में खनिज अधिकारी से संपर्क करने पर फोन नहीं उठाया इस स्थिति में ऐसा लग रहा है कि उनकी मिली भगत से अवैध रेतघट चल रहा है इस कारण जनप्रतिनिधि का भी मोबाइल नहीं उठा रहे हैं।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक| इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टॉसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

# निःशुल्क रोग निदान शिविर में 360 मरीजों का हुआ उपचार, मिली राहत

## 55 मरीजों की खून-पेशाब जांच, 34 मरीजों का एक्स-रे, 58 मरीजों की सोनोग्राफी, 10 मरीजों का ईसीजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

जिले के एकमात्र सुपर स्पेशलिटी चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल में अस्पताल के संस्थापक अधिवक्ता समाजसेवी व पूर्व विधायक स्व. पं. बंशराज तिवारी की 99वीं जन्मजयंती पर आयोजित 18वें रोग निदान शिविर का सफल आयोजन चंदादेवी तिवारी हॉस्पिटल सिटी कोतवाली के सामने बलौदाबाजार में हुआ, जिसमें सैकड़ों मरीजों ने अपना उपचार कराया एवं स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। डॉ. गीतिकशंकर तिवारी ने कहा की इस शिविर का उद्देश्य उन मरीजों का उपचार करना है, जो किसी कारणवश या पैसों की कमी से उपचार से वंचित रह जाते हैं। वर्ष में एक दिन ऐसे मरीजों को शिविर के माध्यम से हम इलाज उपलब्ध कराने का एक छोटा सा प्रयास कर रहे हैं। डॉ. प्रमोद तिवारी ने शिविर में आए सभी सम्माननीय नागरिकों, जरूरतमंदों एवं उपचार कर रहे विशेषज्ञ चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया एवं आने वाले वर्षों में शिविर में और भी अन्य तरह की जांच एवं अन्य बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों से उपचार की सुविधा बढ़ाने की बात कही। इस मौके पर चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष जुगल भट्टर, सेवानिवृत प्राचार्य एसएॅम पाधेय, योगेश शुक्ला स्व. पं. बंशराज तिवारी के पुत्र अशोक कुमार, डॉ. प्रमोद, विनोद, विपिन पौत्र अभिषेक, डॉ. नितिन, पुत्रवधु डॉ. गीतिकशंकर, प्रपौत्र अचिन्त्य, धरुन, निवेद, कु. नितिका उपस्थित रहे। चिकित्सक डॉ नरेंद्र कर्ष, डॉ. राहुल देव, डॉ. ऋतिक रायजादा, डॉ. आकांक्षा, रावेन्द्र शर्मा, मुकेश जैन, संजय पांडेय, दीपक बांधे, हरपाल बंजारे, बसंत वर्मा, खिलावन फेकर, महेंद्र कोतरे समेत सभी अस्पताल कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं दी।





### मतदान के बाद 8 तारीख को सर्जरी के लिए बुलाया

हॉस्पिटल के संचालक डॉ. नितिन तिवारी ने बताया की बाबाजी की स्मृति में शिविर का आयोजन मेरे पिता डॉ. प्रमोद तिवारी के द्वारा 2007 में प्रारम्भ किया गया था, जिसे आज वृहत स्तर पर हमारे परिवार द्वारा प्रतिवर्ष 6 मई को किया जाता है। शिविर में स्त्रीरोग, उदर रोग, नेत्ररोग, अस्थिरोग, शिशुरोग, दंत रोग, कैंसर रोग समेत सामान्य रोगों की जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की गई, जिसमें कुल 360 मरीजों की सामान्य जांच एवं आवश्यकता पड़ने पर 55 मरीजों का खून पेशाब जांच, 34 मरीजों का एक्स रे, 58 मरीजों की सोनोग्राफी, 10 मरीजों का ईसीजी निःशुल्क की गई एवं सभी मरीजों को निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। हर्निया के 7 एवं हाइड्रोसील के 12 मरीजों का पंजीयन एवं खून जांच कर 7 तारीख मतदान करने के बाद उन्हें 8 तारीख को सर्जरी के लिए बुलाया

## खबर संक्षेप



### सामान्य प्रेक्षक डॉ. अंशज सिंह ने सरिया के मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया

**भटगांव।** मतदान के पूर्व लोकसभा रायगढ़ के सामान्य प्रेक्षक डॉ. अंशज सिंह ने सरिया के मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। प्रेक्षक श्री सिंह ने मतदान केन्द्र में बुनियादी सुविधा पेयजल, पंखा, बिजली, रैंप, व्हीलचेयर, शौचालय, छाया, मतदाता सूची आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान तहसीलदार शनि पैकरा, लाइजनिंग अधिकारी एचडी भारद्वाज सहित मतदान अधिकारी गौरव थवाईत उपस्थित थे।

### महुआ शराब की अवैध बिक्री

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने बागबाहरा रोड के पास से आरोपी दीपक साहू पिता गणेशराम (40) निवासी टिकरापारा लाखागढ़ पिथौरा के कब्जे से 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### समस्या : पानी की व्यवस्था नहीं होने पर आज नहीं करेंगे मतदान

# नगर में गहराया पेयजल संकट, आक्रोशित मोहल्लेवासियों ने घेरा नगर पंचायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा



नगर पंचायत सिमगा में लोकसभा चुनाव के 1 दिन पूर्व सोमवार को पेयजल संकट को लेकर मोहल्लेवासियों ने नगर पंचायत का घेराव कर दिया। उनकी मांग थी कि शीघ्र पेयजल की आपूर्ति नहीं की तो कल होने वाले मतदान का बहिष्कार किया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों झुलसाने वाले गर्मी से जमीन का जल स्तर दिनों दिन गिरते जा रहा है, जिसके चलते अधिकांश ट्यूबवेल सुखने के कगार पर हैं। नगर में पानी की समस्या इन दिनों गंभीर विकराल रूप ले रही है, लेकिन नगर पंचायत द्वारा पेयजल आपूर्ति करने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके चलते नगर के वार्ड क्रमांक 3, 4 व 5 की महिलाओं ने नगर पंचायत सिमगा के कार्यालय में जाकर सीएमओ ऑफिस का घेराव कर दिया। महिलाओं का कहना हैं कि वार्ड में नल से जल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिससे पेयजल की समस्या निर्मित हो गई है। आक्रोशित महिलाओं का कहना था कि यदि आज पानी की व्यवस्था नगर पंचायत द्वारा तत्काल नहीं की जाती है, तो मंगलवार 7 मई को लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करेंगे। मोहल्लेवासियों ने बताया कि पार्षद सर्यकांत ताम्रकार के साथ दो-दो माह पूर्व हम लोगों द्वारा नगर पंचायत में आकर पानी की समस्या की जानकारी सीएमओ को दे दी गई थी, ताकि समय रहते इस समस्या का निवारण किया जा सके, किंतु दो माह बीत जाने के बाद भी नगर पंचायत द्वारा किसी भी प्रकार से पानी की व्यवस्था नहीं की गई है। इस वजह से आज हम वार्डवासियों को पार्षद के साथ भरी गर्मी में नगर पंचायत का घेराव करना पड़ा। उक्त घेराव में पीला बाई, दुवसिया बाई, माहेश्वरी देवांगन, उर्वशी देवांगन, जानकी बाई कांति बाई साहू, लगनी बाई जानकी देवांगन, द्रौपती देवांगन, रानी देवांगन, जमुना देवांगन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

### जल्द से जल्द व्यवस्था की जावेगी

मुख्य नगर पंचायत अधिकारी सिमगा यशवंत कुमार वर्मा ने कहा कि पेयजल व्यवस्था के लिए पानी टैंकर चलाया जा रहा है, नलों में पानी पहुंचे उसके लिए जल्द से जल्द व्यवस्था की जावेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर ने वार्डवासियों को समझाते हुए कहा कि दो दिन के अंदर आप लोगों की समस्याओं का निवारण हो जाएगा। उक्त आश्वासन के पश्चात वार्डवासी शान्त होकर अपने घरों को वापस लौटे।

# बयां क्षेत्र में विधायक ने किया डोर टू डोर जनसंपर्क



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गिधौरी

विधानसभा बिलाईगढ़ में सरायपाली के विधायक चातुरी नंद ने बयां क्षेत्र के ग्राम चेचरापाली, धमलपुर और तेंदूचुआं में डोर टू डोर जन संपर्क कर जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. शिव डहरिया को जिताने की अपील की।

विधायक चातुरी नंद ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर हम महिलाओं को 1 लाख सालाना देंगे। हम किसानों को एमएसपी, मजदूरों को 400 मजदूरी और युवाओं को हर साल 30 लाख नौकरियां देंगे। उन्होंने कांग्रेस की गारंटियों के नाम पर डॉ. शिव डहरिया को जिताने की अपील की।

इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता नल कुमार पटेल, सरपंच बयां मनीराम पंकज, रतन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, किशोर साहू, प्रभु लाल सागर, बिहारी लाल भोई, शरीफ अली, पांडेवा चौहान, जब्बार खान, आत्माराम, संजय सुमन चौहान, राकेश चौहान समेत कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने की मतदान दलों के रवानगी



**भटगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने सहायक रिटर्निंग अधिकारी बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी, नोडल अधिकारी स्वीप हरिशंकर चौहान के साथ मतदान दलों के रवानगी के पूर्व सामग्री वितरण व्यवस्था से जुड़े मतदान दल, उदघोषणा मंच, वितरण केन्द्र, रिजर्व टीम सहित निर्वाचन के पूरे व्यवस्था का जायजा लेकर मॉनिटरिंग करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

# मतदाओं को आकर्षित करने संगवारी मतदान केंद्र अभ्यारण्य की थीम पर सजे




हरिभूमि न्यूज ▸▸ भटगांव

जिले के बरमकेला विकासखंड में गोमर्डा अभ्यारण्य के थीम पर शासकीय प्राथमिक विद्यालय मतदान केंद्र 242 चांटीपाली जनपद बरमकेला को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इसी प्रकार देवगांव इकोग्रीन आदर्श मतदान केंद्र को सजाया गया है।

बिलाईगढ़ विकासखंड अंतर्गत संगवारी मतदान केंद्र पेंड्रावन में गोमर्डा अभ्यारण्य के थीम पर सेल्फी जोन बनाया गया है। इस मतदान केंद्र में बरगद पेड़ के घनी छांव है और मटके से भरे ठंडे पानी की भी व्यवस्था है। इसी प्रकार फैंसी मटके से मंडप सजाया गया है। मतदान केन्द्र के सभी महिला कर्मचारी वहां पहुंच गए हैं। इसी प्रकार मोर संगवारी आदर्श मतदान केन्द्र भटगांव को गोमर्डा अभ्यारण की थीम से सजाया गया है। साथ ही झूले को भी विशेष सजाया गया है, ताकि खाली, इंतजार या आगमन रवानगी आदि में वे झूला का भी आनंद ले सके।

इसी प्रकार बेलटिकरी संगवारी मतदान केंद्र में तीन मटकों के बाहर चुनाव का पर्व देश का गर्व, न जाति पे न धर्म पे, वोट डलेगा कर्म पे और मेरा वोट मेरा अधिकार और चुनाव चिन्ह से सजा है। इसी प्रकार सारंगढ़ के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को विशेष रूप से सजाया गया है।

